सत्यमेव जयते

# राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

**राजभवन देहरादून 05 सितम्बर, 2022**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने सोमवार को राजभवन सभागार में शिक्षक दिवस के अवसर पर 39 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को 'शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार' प्रदान किये। वर्ष 2018 के लिए चयनित 19 और वर्ष 2021 के लिए चयनित 20 शिक्षक–शिक्षिकाओं को यह पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले 02 शिक्षकों को भी सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षामंत्री डा0 धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक–शिक्षिकाओं को बधाईयां दी। उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात शिक्षकों का दायित्व और भूमिका और भी बढ़ गई है। राज्य शैक्षिक पुरस्कार से चयनित उत्कृष्ट शिक्षक अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की प्रगति का मूल आधार होता है। छात्र–छात्राओं में नैतिक आदर्शों, अच्छे संस्कारों और गुणों के विकास में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। पूरे समाज की सोच, विचार और धारणा को शिक्षक ही बदल सकते हैं। शिक्षकों के बल पर ही हम विश्वगुरु बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्राचीन सभ्यता, संस्कृति, इतिहास को तकनीक रिसर्च और अनुसंधान के साथ जोड़ते हुए इस पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे आनी वाली पीढ़ि को चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करें।

राज्यपाल ने कहा कि सभी शिक्षकों से यह अपेक्षा रहेगी कि अपनी साहित्य साधना को निरंतर जारी रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां आपके साहित्य और आपकी प्रतिभा को याद करें और उनके लिए उपयोगी हो सके। शिक्षक का दर्पण उसके पढ़ाये हुए छात्र होते हैं। आपके छात्रों की उपलब्धियां आपकी उपलब्धियों की ओर इशारा करती हैं। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राएं हमारे प्रदेश का भविष्य हैं। उनकी प्रतिभाएं हमारी अमूल्य धरोहर होंगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं अच्छे संस्कार देना शिक्षकों का ही दायित्व है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शिक्षकों को अपना उत्कृष्ट योगदान देने की अपील की।

शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने उपस्थित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे प्रदेश के सभी शिक्षक बेहतर कार्य कर रहे हैं। सभी के अथक प्रयासों से राज्य में शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अध्यापक ही एक अच्छा नागरिक और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड पहला राज्य है जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कर लिया है।

उन्होंने कहा कि 4,447 आंगनबाडियों के माध्यम से बाल वाटिकाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले में बेसहारा बच्चों के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र छात्रावास खोले जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग में किये जा रहे अन्य अभिनव कार्यों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में सचिव विद्यालयी शिक्षा रवि नाथ रामन, सचिव श्री राज्यपाल डा. रंजीत कुमार सिन्हा, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा/सूचना बंशीधर तिवारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य उच्चाधिकारीगण और पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रही। इस दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। (सूची संलग्न)

...........0............

शैलेश मटियानी राज्य शिक्षक पुरस्कार 2021 प्राप्त शिक्षक जो दिनांक 05 सितम्बर, 2022 को सम्मानित किये जाने वाले शिक्षकों की सूची :–

(क) प्रारम्भिक शिक्षाः–

| क्र. सं. | जनपद | अध्यापक का नाम व पद | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पौड़ी | श्री गबर सिंह बिष्ट, स0अ0 | रा0उ0प्रा0वि0 मुस्याखॉद |
| 2 | चमोली | श्रीमती अंजना खत्री, प्र0अ0 | रा0प्रा0वि0 ग्वाड़ कपीरी |
| 2 | उत्तरकाशी | श्रीमती सरिता, प्र0अ0 | रा0प्रा0वि0 बड़कोट, |
| 4 | देहरादून | श्री राजीव कुमार पांथरी, प्र0अ0 | रा0पू0मा0वि0 गलज्वाड़ी, |
| 5 | हरिद्वार | श्रीमती बीना कौशल प्र0अ0 | रा0प्रा0वि0 भंगेड़ी –2 हरिद्वार |
| 6 | टिहरी गढवाल | श्री हृदय राम अंथवाल ,स0अ0 | रा0प्रा0वि0 लैणी हिन्दाव |
| 7 | रूद्रप्रयाग | श्री हेमन्त कुमार चौकियाल ,स0अ0 | रा0उ0प्रा0वि0 डांगी गुनाऊँ |
| 8 | चम्पावत | मंजू बाला प्र0अ0 | रा0प्रा0वि0 च्यूरानी |
| 9 | बागेश्वर | श्री ललित मोहन जोशी, स0अ0 | रा0इ0का0 रातिरकेटी (उच्चीकृत) |
| 10 | ऊधम सिंह नगर | श्री मोहन सिंह, स0अ0 | रा0प्रा0वि0 बड़ी बगुलिया, |
| 11 | नैनीताल | श्री नन्द लाल आर्य प्र0अ0 | रा0प्रा0वि0 पंगराड़ी, |
| 12 | पिथौरागढ़ | श्री हरीश चन्द्र पाण्डेय, प्र0अ0 | रा0क0उ0प्रा0वि0 मण्डप |
| 13 | अल्मोड़ा | श्री मनोज कुमार पंत, प्र0अ0 | रा0प्रा0वि0 नौलाकोट अल्मोड़ा |

(ख) माध्यमिकः–

| क्र. सं. | जनपद | अध्यापक का नाम व पद | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | उत्तरकाशी | श्री दिवाकर प्रसाद पैन्यूली, प्रवक्ता | रा0इ0का0 पंजियाला, |
| 2 | हरिद्वार | श्रीमती पूनम राणा, प्रधानाचार्य, | रा0क0इ0का0 ज्वालापुर |
| 3 | पिथौरागढ़ | दीपा खाती, स0अ0 | रा0बा0इ0का0ऐंचोली |
| 4 | अल्मोड़ा | श्रीमती तनुजा जोशी ,प्रधनाचार्य, | रा0बा0इ0का0 द्वाराहाट |
| वर्ष 2017 में सम्मानित होने एवं न्यायालय वाद के पश्चात निर्णय होने पर सम्मानित होने वाले शिक्षक का विवरणः– | | | |
| 1 | पौड़ी | श्री केशर सिंह असवाल, प्रवक्ता | रा0इ0का0 उज्यांड़ी। |

(ग) प्रशिक्षण संस्थानः–

| क्र. सं. | जनपद | अध्यापक का नाम व पद | डायट का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | चम्पावत | डॉ0 अवनीश कुमार शर्मा, प्रवक्ता | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, लोहाघाट, चम्पावत |

वर्ष– 2018 व 2020 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक जो दिनांक 05 सितम्बर, 2022 को सम्मानित किये जाने वाले शिक्षकों की सूची :–

| क्र. सं. | जनपद | अध्यापक का नाम व पद | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | देहरादून | श्री रमेश बडोनी, प्रवक्ता | रा0इ0का0 गिन्नरासपट्टी |
| 2 | बागेश्वर | डॉ केवलानन्द काण्डपाल, प्रधानाचार्य, | रा0उ0मा0वि0 पुड़कुनी, बागेश्वर, |

Pt.DeenDayal/letter

उधमसिंहनगर श्री राम आश्रय मौर्य – शैलेश मटियानी पु-2018

"संलग्नक–2"

शैलेश मटियानी राज्य शिक्षक पुरस्कार 2018 प्राप्त शिक्षक जो दिनांक 05 सितम्बर, 2022 को सम्मानित किये जाने वाले शिक्षकों की सूची :–

(क) प्रारम्भिक शिक्षाः–

| क्र. सं. | जनपद | अध्यापक का नाम व पद | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | रूद्रप्रयाग | श्रीमती अंजु लिंगवाल, प्र0अ0 | रा0प्रा0वि0 बैनोली भरदार |
| 2 | टिहरी गढवाल | श्रीमती मधु नेगी, स0अ0 / वार्डन | रा0उ0प्रा0वि0 आमपाटा |
| 3 | देहरादून | श्रीमती सुशीला बर्त्वाल, स0अ0 / वार्डन | आवासीय विद्यालय नाभा हाउस, ऋषिकेश |
| 4 | पिथौरागढ़ | श्रीमती रूबीना खान, स0अ0 | रा0प्रा0वि0 टाउन |
| 5 | बागेश्वर | श्रीमती निर्मला आर्य, स0अ0 | रा0क0जू0हा0 मन्यूड़ा |
| 6 | नैनीताल | श्री संतोष कुमार जोशी, स0अ0 | रा0उ0प्रा0वि0 सूर्यागांव |
| 7 | अल्मोड़ा | श्रीमती दीपा आर्य, प्र0अ0 | रा0प्रा0वि0 लमगड़ा |
| 8 | ऊधम सिंह नगर | श्रीमती किरण शर्मा, प्र0अ0 | रा0प्रा0वि0 कचनाल गाजी, काशीपुर, |

(ख) माध्यमिकः–

| क्र. सं. | जनपद | अध्यापक का नाम व पद | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | उत्तरकाशी | सुश्री बनीता पंवार, स0अ0 | रा0बा0इ0का0 पुरोला |
| 2 | चमोली | श्री गिरीश चन्द्र डिमरी, प्रधानाध्यापक | रा0उ0मा0वि0 कुजासू पोखरी |
| 3 | रूद्रप्रयाग | श्री विनोद प्रकाश भट्ट, स0अ0 | रा0इ0का0 रूद्रप्रयाग |
| 4 | टिहरी गढ़वाल | डॉ0 अशोक कुमार बड़ोनी, प्रवक्ता | रा0इ0का0 मंजाकोट, चौरास |
| 5 | देहरादून | श्री रविन्द्र कुमार सैनी, प्रधानाचार्य | श्री गुरू राम राय इ0का0 सहसपुर |
| 6 | पौड़ी | श्री वीरेन्द्र प्रसाद खंकरियाल, स0अ0 | रा0इ0का0 खोलाचौरी, कोट |
| 7 | पिथौरागढ़ | श्री बहादुर सिंह कुँवर, प्रवक्ता | रा0इ0का0 धारचूला |
| 8 | चम्पावत | श्री सुरेश राम, स0अ0 | रा0इ0का0 चम्पावत |
| 9 | नैनीताल | श्री शम्भूदयाल साह, प्रधानाध्यापक, | रा0उ0मा0वि0 सल्यूड़ा |
| 10 | अल्मोड़ा | श्रीमती गीता रानी, प्रवक्ता, | रा0बा0इ0का0 स्याल्दे |
| 11 | ऊधमसिंह नगर | श्री नरेन्द्र पाल सिंह, स0अ0 | रा0उ0मा0वि0 तुर्कागौरी |